भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1906

उत्तर देने की तारीख: 30.07.2026

पश्चिम बंगाल में ईएमआरएस का विस्तार

†1906. श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध न कराए जाने के कारण पुरुलिया जिले के बंदवान ब्लॉक में स्वीकृति के बावजूद एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल नहीं है और यदि हाँ, तो इस परियोजना के लिए भूमि की उपलब्धता की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) जारी की गई केंद्रीय राशि का ब्यौरा, निर्माण कार्य शुरू न होने के कारण और नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स (एनईएसटीएस) तथा पश्चिम बंगाल सरकार के बीच 27 मई, 2026 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद पूरा होने की संशोधित समय-सीमा सहित वर्ष 2018-19 के दौरान अनुच्छेद 275(1) के तहत स्वीकृत कलिम्पोंग स्थित एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (ईएमआरएस) की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार का ईएमआरएस की स्थापना के लिए पात्रता मानदंडों में संशोधन करके उन ब्लॉकों को शामिल करने का प्रस्ताव है जहाँ अनुसूचित जनजाति (एसटी) की आबादी अधिक है लेकिन एसटी की जनसंख्या पचास प्रतिशत से कम है, और यदि हाँ, तो विशेष रूप से कालचिनी, माल, मदारीहाट, बिनपुर-द्वितीय और फाँसीदेवा ब्लॉकों के संदर्भ में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) राज्य की अनुसूचित जनजाति की आबादी के सापेक्ष ईएमआरएस की मौजूदा संख्या को ध्यान में रखते हुए, जनगणना 2021 के आंकड़ों के आधार पर पश्चिम बंगाल में स्थापित किए जाने वाले नए प्रस्तावित ईएमआरएस की संख्या कितनी है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) पश्चिम बंगाल में पुरुलिया जिले का बंदवान ब्लॉक एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (ईएमआरएस) की स्थापना के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाला एकमात्र ब्लॉक है। उक्त ब्लॉक के लिए भूमि की पहचान राज्य सरकार द्वारा की गई है।

(ख) जैसा कि राज्य सरकार द्वारा बताया गया है, कलिम्पोंग में ईएमआरएस वैकल्पिक भवन में क्रियाशील है और स्थायी भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। ईएमआरएस कलिम्पोंग के लिए कुल 20.91 करोड़ रुपये अनुमोदित किए गए हैं, जिसमें से 9.96 करोड़ रुपये निर्मुक्त किए जा चुके हैं।

(ग) जी नहीं, महोदय।

(घ) मौजूदा योजना के तहत, ईएमआरएस की स्थापना 2011 की जनगणना पर आधारित है।

******